तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

KVS Foundation Day-2024
















# शाला ध्वनि

## KVS News

October - December 2024


स्थापना दिवस समारोह
15 दिसंबर 2024
मुख्य अतिथि
श्री जयंत चौधरी
Foundatio
15th Decemb
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Chief
Sh. Jayant C
Hon'ble MoS for Skill Develo
(Independent Charge) and
Kendriya Vidyalaya Sangathan
स समारोह
2024
अतिथि
चौधरी
Foundation
15th December 2
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Chief Gu
Sh. Jayant Chau
Hon'ble MoS for Skill Development
(Independent Charge) and Educati
2, दिल्ली छावनी

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने मनाया स्थापना दिवस-2024

**नई दिल्ली, 15 दिसंबर 2024:** केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दिल्ली छावनी स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में स्थापना दिवस-2024 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।। इस कार्यक्रम में संगठन की शैक्षिक यात्रा को विशेष रूप से उजागर किया गया, जिसमें नवाचार और समावेशन को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में, उन्होंने केवीएस की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की, जो न केवल युवाओं के भविष्य को आकार देने में बल्कि समग्र शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

## सांस्कृतिक और शैक्षिक आकर्षण

कार्यक्रम की शुरुआत केवीएस की विरासत पर आधारित एक लघु फिल्म के प्रदर्शन से हुई, जिसमें केवीएस के विकास और भारत और विदेशों में इसके 1256 विद्यालयों का उल्लेख किया गया।

केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हुए एक जीवंत सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केवीएस और एनईपी 2020 के आपसी मेल को दिखाया गया, जिसने शैक्षिक नवाचार में संगठन की भूमिका को उजागर किया।

## प्रगति का उत्सव

कार्यक्रम की शुरुआत केवीएस की आयुक्त, श्रीमती निधि पांडे द्वारा स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने देशभर में 85 नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी देने के लिए भारत सरकार का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने केवीएस की यात्रा में योगदान देने वाले सभी हितधारकों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन श्री दीपेश गहलौत, संयुक्त आयुक्त (प्रशासन) द्वारा आभार ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी, केवीएस मुख्यालय और केवीएस दिल्ली संभाग के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।



## उत्कृष्टता की विरासत


दिल्ली के अलावा देश भर के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और आंचलिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में भी पूरे उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। 1963-64 में स्थापित, केन्द्रीय विद्यालय संगठन का उद्देश्य केन्द्रीय सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों, जिनमें रक्षा और पैरामिलिट्री बलों के कर्मी भी शामिल हैं, के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण व निर्बाध शिक्षा प्रदान करना था। पिछले छह दशकों में, केवीएस ने शैक्षिक उत्कृष्टता, समावेशी शिक्षा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनकर अपनी पहचान बनाई है।

## 900 केन्द्रीय विद्यालयों की नई वेबसाइट्स का शुभारंभ

श्री जयंत चौधरी ने 900 केन्द्रीय विद्यालयों की नई वेबसाइट्स का शुभारंभ किया, जो उन्नत सुरक्षा विशेषताओं से लैस हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच डिजिटल पहुंच और संवाद को सुगम बनाना है।

## KVS Enhances Digital Presence with Migration to S3WaaS

Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) has successfully migrated its websites to the Secure, Scalable & Sugamya Website as a Service (S3WaaS) platform, developed by the NIC School Education Division in collaboration with the Web Technology Division of NIC. This cloud-based service ensures secure, accessible, and scalable websites tailored for government entities. The new websites, featuring a unified and citizen-centric design, are responsive and accessible to individuals with disabilities. With a "secure by design" approach and hosting on NIC National Data Centres, the migration enhances website management and improves information sharing for teachers, students, parents, and citizens. As of now, KVS headquarters, five ZIETs, 25 regional offices, and 900 schools have successfully transitioned to S3WaaS.




## पुस्तक विमोचन: 'उद्देश्यपूर्ण शैक्षिक विधियां'

समारोह के दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए अभिनव शिक्षण पद्धतियों पर आधारित एक पुस्तक 'उद्देश्यपूर्ण शैक्षिक विधियां' का विमोचन किया गया। छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से यह पुस्तक केवीएस की समावेशी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# KV Teacher Himani Bundela Honoured by Hon'ble President



Ms. Himani Bundela, a teacher from KV No. 1 AFS Agra, was honoured with the National Award for the Empowerment of Persons with Disabilities 2024 in the 'Shreshth Divyangjan' category by the Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu, at Vigyan Bhawan on December 3, 2024.

Despite losing 80% of her vision in an accident, Himani became a teacher and a champion of inclusive education. She leads the Asha Project, organizes counseling camps, and runs resource centers to support children with special needs. Adding to her list of accomplishments, she was the winner of Kaun Banega Crorepati-13 (KBC), taking home a grand prize of Rs. 1 crore.

Her story shows that with determination, challenges can turn into strengths, inspiring us all to aim higher.

# Preetismita Bhoi awarded with 'PRADHAN MANTRI RASHTRIYA BAL PURASKAR'



**New Delhi:** Hon'ble President Smt. Droupadi Murmu conferred the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar on 15-year-old weightlifter Preetismita Bhoi from PM SHRI KV Dhenkanal for her exceptional achievements in weightlifting.

Preetismita set a world record at the IWF World Youth Weightlifting Championships 2024 in Lima, Peru, lifting 57 kg in snatch and 76 kg in clean & jerk, totaling 133 kg and winning the gold medal. She also surpassed the world record in clean & jerk by one kg. Additionally, she won a silver medal at the Asian Youth Weightlifting Championship in Doha, Qatar.



Preetismita's remarkable achievements not only highlight her individual talent but also serve as an inspiration to young athletes across the country. Her hard work and commitment to the sport continue to set new benchmarks in the world of weightlifting, proving the mettle of Indian athletes.

# के.वि.सं. राष्ट्रीय एकता पर्व 2024

## 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' की भावना का भव्य महोत्सव







11 से 13 नवंबर 2024 तक केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा राष्ट्रीय एकता पर्व का भव्य आयोजन के.वि. तिरुमलगिरी, हैदराबाद में किया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय केन्द्रीय कोयला एवं खनन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी और शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने किया।

इस विशेष आयोजन में के.वि. संगठन के 25 संभागों से आए 950 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान एक राज्य से आए विद्यार्थियों ने देश के अन्य राज्य की संस्कृति, भाषा, परंपराएं, इतिहास, भोजन, और विशिष्टताओं को भी समझा और प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने इसे प्रदर्शित करने के लिए आकर्षक स्टॉल्स लगाए, जिनके माध्यम से उन्होंने विभिन्नराज्यों की स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों को जीवंत प्रस्तुति दी।

**'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत 4 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, और जिनके परिणाम निम्नलिखित हैं:**

| क्र. सं. | कार्यक्रम का नाम | संभाग का नाम | केन्द्रीय विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय समूह नृत्य | एर्नाकुलम | पीएम श्री के.वि. ओट्टापलम |
| 2 | राष्ट्रीय समूह गीत | एर्नाकुलम | पीएम श्री के.वि. ओट्टापलम |
| 3 | कलाकृतियों/प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन | कोलकाता | -- |
| 4 | ऑन स्पॉट पेंटिंग | भुवनेश्वर | के.वि. झारसुगुड़ा |



# केन्द्रीय विद्यालयों में
# संविधान दिवस




26 नवंबर 2024, नई दिल्ली: संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन के समस्त विद्यालयों, संभागों और मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर के.वि.सं. मुख्यालय में आयुक्त श्रीमती निधि पांडे के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इसके अतिरिक्त सभी केन्द्रीय विद्यालयों में आयोजन की शुरुआत सुबह की विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भारतीय संविधान की मूल अवधारणाओं - न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व - पर चर्चा की। इस मौके पर 8,59,416 विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अन्य लोगों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी, जबकि 6,14,284 विद्यार्थियों ने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर वार्ता, संगोष्ठियों और वेबिनार में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में एक विशेष नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को जीवंत किया, जो संविधान सभा के प्रमुख वास्तुकार थे।

इसके अतिरिक्त, अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा, मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर आधारित प्रश्न शामिल थे।

# देश को मिली 85 नए
# केन्द्रीय विद्यालयों की सौगात

**6 दिसंबर 2024:** शिक्षा को सशक्त बनाने और प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 85 नए केन्द्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी है। केन्द्र सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा देशभर के 19 राज्यों के विभिन्न जिलों में 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने की घोषणा की गई। इसके साथ ही एक केन्द्रीय विद्यालय में विस्तार किया गया है। इस योजना के लिए ₹5872.08 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। इन नए विद्यालयों में कुल 82,560 विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा। इन विद्यालयों के संचालन हेतु 5388 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों का सृजन होगा, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही, विद्यालय भवनों के निर्माण कार्य से जुड़े रोजगार का भी सृजन होगा। देश भर में केन्द्रीय विद्यालय अपनी गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समावेशी शिक्षा के लिए जाने जाते हैं। इस विशाल श्रृंखला में 85 नए विद्यालयों का जुड़ना संगठन के मिशन और उद्देश्यों को एक नया विस्तार प्रदान करेगा। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।



Narendra Modi
@narendramodi

स्कूली शिक्षा को ज्यादा से ज्यादा सुलभ बनाने के लिए हमारी सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे। इस कदम से जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ होगा, वहीं रोजगार के भी बहुत सारे नए अवसर बनेंगे।

# विश्व बाल दिवस
## ओलंपिक विजेता अभिनव बिंद्रा का विद्यार्थियों के साथ विशेष संवाद



**20 नवंबर 2024, नई दिल्ली:** विश्व बाल दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित कौशल भवन में कौशल विकास एवं उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री, चौधरी जयंत सिंह द्वारा एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीजिंग ओलंपिक-2008 के स्वर्ण पदक विजेता श्री अभिनव बिंद्रा बतौर मुख्य अतिथि पधारे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ युवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष संवाद किया।


राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाने वाले विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों के सात होनहार विद्यार्थियों ने भी भाग लिया और श्री अभिनव बिंद्र के साथ अपनी जिज्ञासाएं साझा कीं। केन्द्रीय विद्यालयों के अनेक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से भी कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री अभिनव बिंद्रा ने विद्यार्थियों को लगन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का महत्व समझाया।





**विश्व बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए के.वि.सं. के 7 होनहार विद्यार्थी**

- **प्रीतिस्मिता भोई** – स्वर्ण पदक, वर्ल्ड यूथ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप
- **देविका अश्विन देसाई** – 8 स्वर्ण पदक, कॉमनवेल्थ गेम्स (सब-जूनियर)
- **रहनुमा बानो** – स्वर्ण पदक, साउथ एशियन कॉम्बैट स्कूल गेम्स
- **सक्षम यादव** – कांस्य पदक, वर्ल्ड जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप
- **एरॉन मार्टिन** – स्वर्ण पदक, एशियन मिनी गोल्फ चैंपियनशिप
- **मिली गुनज्याल** – स्वर्ण पदक, 68वें नेशनल स्कूल गेम्स
- **दीपांशी खोईवाल** – कांस्य पदक, 68वें नेशनल स्कूल गेम्स



# KVS Joins Hands with the GRIHA Council to Promote Sustainability in Schools




A Memorandum of Understanding was signed at the 16th GRIHA Summit between Kendriya Vidyalaya Sangathan, and the GRIHA Council with the intent of promoting sustainability among school children and their educators. It imparts the idea that sustainability is not an additional effort, but a way of life. The MoUs were signed by Mr. Deepesh Gehlot, Joint Commissioner (Admin), Kendriya Vidyalaya Sangathan, Ministry of Education, Government of India, and Ms. Shabnam Bassi, Deputy CEO & Secretary, GRIHA Council and Director of Sustainable Buildings, TERI - The Energy and Resources Institute.

195 Kendriya Vidyalayas across the country will be evaluated and assessed under the GRIHA rating for existing schools, as per this MoU.

# जनजातीय गौरव पखवाड़ा

## भगवान बिरसा मुंडा की अमूल्य विरासत की पावन स्मृति



15 से 26 नवम्बर 2024 तक देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया गया। इसका उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए भारतीय जनजातीय संस्कृति से विद्यार्थियों को अवगत कराना था। यह आयोजन कई रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों से भरपूर रहा, जैसे- चित्रकला प्रतियोगिताएं, क्विज़ और सरल प्रतियोगिताएं, भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित फिल्में और लघु डॉक्यूमेंट्रीज की स्क्रीनिंग और नाट्य प्रस्तुतियां। इस कार्यक्रम में देशभर से कुल 3 लाख विद्यार्थियों ने मिलकर भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को सम्मानित करते हुए, भारत की समृद्ध जनजातीय संस्कृति को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक और कला के माध्यम प्रस्तुत किया। उन्हें भारत की विविध जनजातीय संस्कृती और भगवान बिरसा मुंडा के महान कार्यों को समझने का एक बेहतरीन अवसर मिला।








**भारत** सरकार के पर्यटन मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय ने मिलकर एक अनोखा अभियान शुरू किया, 'देखो अपना देश स्कूल्स कॉन्टेस्ट' के रूप में एक अनोखा अभियान चलाया। यह अभियान 15 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक देश के 1256 केन्द्रीय विद्यालयों में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान में 3 से 6 के समूह में शामिल होकर विद्यार्थियों ने अपने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की विशिष्टताओं को प्रदर्शित करते हुए 2 से 4 पृष्ठ का हाथ से बना ब्रॉशर तैयार किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 5,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक के पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त, कुछ भाग्यशाली विजेताओं को अपने परिवार के साथ भारत भ्रमण का सुनहरा अवसर भी प्रदान किया गया। यह अभियान 'देखो अपना देश' पहल का हिस्सा है, जिसे पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 में भारत के क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था।

# देखो अपना देश





LiFE
Lifestyle for Environment

# KVS Leads the Way with Special Campaign 4.0



Under the banner of the Government of India's Special Campaign 4.0,"Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) has showcased its commitment to Swachh Bharat with remarkable initiatives across its 1256 schools and offices nationwide. This campaign inspired students, parents, and staff to actively participate in creating a cleaner and more sustainable environment.

The campaign encouraged students to embrace the principles of cleanliness and environmental responsibility through structured, day-wise activities. With its Pan-India presence, KVS effectively mobilized its resources to achieve swift and impactful results.

## Eco Clubs: Reviving the Green Spirit

The campaign witnessed the revival of 3699 Eco Clubs and the formation of 1649 new ones. These clubs engaged students of all ages in activities promoting ecological balance and environmental awareness. Reinforcing the LiFE (Lifestyle for Environment) mission, students learned to adopt eco-friendly habits. Over the monsoon, **one lakh plants** were already planted in school campuses, and an additional 25,636 saplings—including 6888 timber trees—were added during the campaign. Students were also encouraged to nurture these saplings, ensuring their growth.

## Cleaning Beyond Campuses

To extend the impact of the campaign, all 1256 schools organized outdoor cleanliness drives. These initiatives encouraged communities to witness and emulate students cleaning spaces beyond school premises, fostering societal participation in maintaining cleanliness.

## Transforming Waste into Resources

KVS effectively addressed waste management by clearing 1, 22,365 square feet of space previously occupied by discarded materials. This cleanup not only enhanced aesthetics but also resulted in a healthier, more vibrant environment. Moreover, 30,854 outdated files were weeded out, contributing to better-organized workspaces. Remarkably, the waste yielded revenue of Rs. 10, 49,421, further underlining the campaign's impact.



## Green Innovations at KVS HQ

In a pioneering move under the Swachhata Hi Sewa Drive, KVS Headquarters initiated an innovative project to recycle waste paper into office supplies. Collaborating with the Airports Authority of India (AAI), nearly four tons of old paper were handed over for recycling in the first phase. This effort aims to repurpose waste and reduce dependency on new stationery.



## Highlights of KVS HQ's Green Initiative:

- **Challenge Tackled:** Sorted thousands of outdated files and waste paper.
- **Objective:** Optimize workspace and promote sustainable resource use.
- **Execution:** Records were digitized following the 'Manual of Office Procedure.'
- **Impact:** Saved Rs. 39,560 on stationery costs by recycling the first batch of waste paper, demonstrating both environmental and financial efficiency.

## A Revitalized HQ for Visitors

At the KVS Headquarters, an abandoned structure was transformed into a modern visitor's room, offering a welcoming space for guests. Equipped with contemporary facilities, this refurbishment stands as a testament to the campaign's success in repurposing spaces for productive use.





# KVS Successfully Completes 254 Induction Courses for New Employees

Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) proudly completed 254 induction courses from 1st October to 31st December 2024, helping newly joined employees to become skilled and confident educators. These courses have strengthened their knowledge, sense of belonging, and commitment to excellence in education, reflecting KVS's dedication to continuous learning and professional growth.




## Cadre-wise Participants of Induction Courses

| Assistant Commissioner | Principal | Vice-principal | PGT | TGT | Head master | PRT | ASO | SSA | JSA | Total Participants of Induction Courses |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | 384 | 224 | 2020 | 3902 | 169 | 5567 | 93 | 183 | 422 | 13020 |

## KVS Workshops and Initiatives: October-December 2024




### Foundational Numeracy Workshops

Over 500 primary teachers from various KVS regions were trained in student-centered approaches to teaching mathematics, facilitated by the Jodo Gyan Foundation. These workshops aim to achieve the NIPUN Bharat goals for foundational numeracy.

### Mental Health and Well-being Workshops

In collaboration with NCERT, KVS conducted two workshops 3-day in November and December 2024, training 100 teachers from 10 regions. This initiative is part of a series aimed at promoting mental health and well-being for both teachers and students.






### Purposive Pedagogical Practices - Volume III

The third volume of the series, focusing on 'Inclusivity in Kendriya Vidyalayas,' was unveiled by Hon'ble MoS for Education Sh. Jayant Chaudhary at KVS Foundation Day ceremony.. It highlights case studies and best practices from all 25 KVS regions, showcasing strategies for fostering inclusivity in classrooms.

# बैगरहित दिवस



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इस वर्ष देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में 'बैगरहित दिवस' का आयोजन किया गया। यह 10 दिवसीय कार्यक्रम कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को पुस्तकों से परे व्यावहारिक ज्ञान और जीवन कौशल सिखाने पर केंद्रित था। कार्यक्रम के दौरान, विद्यार्थियों ने बढ़ई, माली, कुम्हार और सफाई कर्मचारियों जैसे कारीगरों के साथ समय बिताकर सिलाई-कढ़ाई, पौधारोपण और मिट्टी के बर्तन बनाने जैसे कई कौशल सीखे। साथ ही, छात्रों ने स्थानीय इलाकों में सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया और शिल्पकारों से बातचीत के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर का महत्व जाना। शिक्षा मंत्रालय की यह पहल NEP 2020 के तहत छात्रों को व्यावहारिक अनुभव और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।










# 53वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024
## सफलतापूर्वक संपन्न



केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) द्वारा आयोजित 53वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता-2024, एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन के रूप में सामने आई। यह आयोजन अगस्त 2024 से लेकर अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के 13 संभागों से लगभग 20,000 बालक, बालिकाएं और उनके अनुरक्षक (शिक्षक/अधिकारियों) ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 22 विभिन्न खेलों में बालकों और बालिकाओं के लिए प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई, जो किसी भी शैक्षिक संगठन द्वारा अपने विद्यार्थियों को प्रदान किया गया एक बहुत बड़ा मंच है।

### खेलों के माध्यम से समग्र विकास की दिशा में कदम

के.वि.सं. राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थियों को एक अत्यधिक प्रेरणादायक और शानदार मंच प्रदान करती है, जो उन्हें न केवल शारीरिक रूप से, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाती है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलों में अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिला, साथ ही वे टीमवर्क, अनुशासन, समय प्रबंधन और खेल भावना जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सीखते हैं।

### 22 विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा

इस भव्य प्रतियोगिता में 22 विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, खो-खो, जूडो, टेबल टेनिस, आदि प्रमुख थे। इन खेलों में भाग लेकर विद्यार्थियों ने अपने शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन अवसर था, जिसमें उन्होंने अपने खेल के प्रति प्यार और समर्पण को और आगे बढ़ाया।

### एनईपी 2020 के अनुरूप खेलों को बढ़ावा देना

यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप था, जो विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शारीरिक शिक्षा और खेलों को एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानता है। KVS ने इस आयोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि छात्रों को खेलों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का पर्याप्त अवसर मिले, जिससे उनकी शारीरिक, मानसिक और सामाजिक वृद्धि हो सके।



### संपूर्ण देशभर से उत्कृष्टता का समागम

53वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों का उत्साह और समर्पण काबिले तारीफ था। इस आयोजन ने एकजुट होकर एकत्रित की गई प्रतिभाओं को एक मंच दिया, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास को प्रोत्साहन मिला।



# 68वीं राष्ट्रीय **शालेय खेलकूद प्रतियोगिता** 2024-25 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का शानदार प्रदर्शन




**नई दिल्ली:** SGFI द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद (National School Games) प्रतियोगिता, 2024-25 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) के खिलाड़ियों ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में KVS के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अब तक कुल 48 पदक जीते हैं, जिनमें 9 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में किया गया था, जिनमें जूडो (U-14 बालक/बालिका), टेबल टैनिस (U-17, U-19 बालक/बालिका) और अन्य खेलों के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इन शिविरों ने खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर की तैयारी का अवसर प्रदान किया, जिसका परिणाम उनकी शानदार सफलता में सामने आया।

KVS ने अब तक ताइक्वांडो, शतरंज, तैराकी, एथलेटिक्स और जूडो जैसे खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पदक तालिका में अपनी जगह बनाई। इस दौरान, देशभर से लगभग 48 पदकों के साथ KVS के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपने विद्यालय और संगठन का नाम रोशन किया। उनकी मेहनत और समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता हासिल करने में सक्षम हैं। खेलों में उनकी यह निरंतर सफलता प्रेरणादायक है और KVS के खिलाड़ियों को और अधिक प्रेरित करती है।

## KVS की पदक तालिका (दिसम्बर 2024 तक):

**स्वर्ण पदक: 9** **रजत पदक: 16** **कांस्य पदक: 23** **कुल पदक: 48**



# वीर बाल दिवस

## केन्द्रीय विद्यालयों में चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को नमन




वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में दिसंबर माह में देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में नौ दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों की शौर्य गाथा और बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में साहिबजादों के साहस और बलिदान पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस फिल्म ने विद्यार्थियों को उनके जीवन और अदम्य साहस से रूबरू कराया। इसके अलावा विद्यालयों में निबंध लेखन, पेंटिंग, चित्रकला, विशेष प्रार्थना सभा, पोस्टर प्रतियोगिता, काव्य पाठा, लघु नाटिका, भाषण प्रतियोगिता, जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस आयोजन में देश भर के केन्द्रीय विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों और 20 हजार से अधिक शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। यह आयोजन न केवल साहिबजादों की महान गाथा को संजोने का प्रयास था, बल्कि नई पीढ़ी को उनके बलिदान और साहस से अवगत कराने की एक प्रेरणादायक पहल भी थी।

# NATIONAL UNITY DAY 2024

## Celebrations at Kendriya Vidyalayas






On 30th October 2024, all 1256 Kendriya Vidyalayas came together to celebrate Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day) in honour of Sardar Vallabhbhai Patel's birth anniversary. The event was a vibrant display of patriotism and unity, inspiring students and staff alike.

The celebrations began with special morning assemblies held from 28th to 30th October, highlighting Sardar Patel's pivotal role in uniting India. A total of 803,209 students, teachers, and staff across KVs participated in the Unity Pledge Ceremony, reaffirming their commitment to national unity.

One of the most exciting parts of the day was the Run for Unity, which saw the enthusiastic participation of 374,516 students, teachers, and staff members. Additionally, art and essay competitions focusing on national integration allowed students to showcase their creativity.

To amplify the message, KVs actively promoted the event on their social media platforms and websites, ensuring the spirit of unity reached a wider audience.

Through these events, Kendriya Vidyalayas truly reflected the strength and beauty of a united India.

# केबीसी जूनियर के विशेष एपिसोड में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र सक्षम रंजन का कमाल



15 नवंबर को बाल दिवस पर 'कौन बनेगा करोड़पति' (सीजन 16) के खास एपिसोड में केन्द्रीय विद्यालय मोतिहारी **में** कक्षा 8 के छात्र सक्षम रंजन ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। सक्षम ने 11 सवालों के सही जवाब दिए और 12वें सवाल पर खेल को रोककर अपनी जीत सुनिश्चित की। उन्होनें केबीसी जूनियर के इस एपिसोड में 6,40,000 अंक जीते, जो उनके शानदार सामान्य ज्ञान और तेज सोच का नतीजा था। इन अंकों को उनके 18 साल होने पर नकद पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा, जिससे सक्षम अपने भविष्य के सपनों को पूरा कर सकेंगे। सक्षम अपनी बुद्धिमत्ता और गहन ज्ञान के लिए हमेशा अपने शिक्षकों के प्रिय रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और बड़े सपने देखने का सशक्त प्रमाण है।

# भारतीय भाषाओं की विविधता में छिपी एकता का भव्य उत्सव



**नई दिल्ली:** भारतीय भाषाओं की समृद्धि और विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से, 4 से 11 दिसंबर 2024 तक देशभर के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय 'भाषाओं के माध्यम से एकता' था, जो भारतीय भाषाओं की विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि को रेखांकित करता है।




उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने हर दिन नई और रोचक गतिविधियों में भाग लिया। छात्रों को 'लैंग्वेज ट्री' के माध्यम से विभिन्न भारतीय भाषाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने चित्रकला के जरिए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए भारत के महान कवि और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रह्मण्य भारती जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही, छात्रों ने अपनी-अपनी मातृभाषा में गीत प्रस्तुत किए, जो भारतीय भाषाओं की मधुरता और विविधता को उजागर करते हैं। इस उत्सव में छात्रों को विभिन्न भाषाओं के प्रति रुचि जगाने और उन्हें करीब से समझने का मौका मिला।

Congratulations

# Achievements



**Asian Youth Weightlifting Champion Preetismita Bhoi**

Preetismita, a student of KV Dhenkanal, won a silver medal at the Asian Youth Weightlifting Championship in Doha and established a world record at the IWF Youth Championship in Lima.

**Powerlifting Star Devika**

Devika Ashwin Desai, a Class XII student from KV No. 2 Jalahalli, achieved an incredible feat by winning 8 Gold Medals at the Commonwealth Powerlifting and Bench Press Championship 2024 in South Africa.






**दक्षिण एशियाई त्रैथलॉन चैंपियनशिप- 2024 में दुर्विशा ने जीता रजत!**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, भोपाल की छात्रा दुर्विशा पवार ने मलेशिया में आयोजित दक्षिण एशियाई त्रैथलॉन चैंपियनशिप- 2024 में भाग लेते हुए रजत पदक अपने नाम कर पूरे देश का गौरव बढ़ाया।

**रहनुमा बानो ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1, जयपुर की छात्रा रहनुमा बानो ने ढाका में आयोजित दक्षिण एशियाई स्कूल कॉम्बैट गेम्स में 42 किलोग्राम के ताइक्वांडो वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।





**भारत की राष्ट्रपति से भेंट: अद्वितीय गौरव का क्षण!**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बांसवाड़ा के दो छात्र, प्रद्युम्न ढाका (रजत पदक विजेता, एनएसएम 2024) और मानस मेनारिया (प्रतिभागी, एनएसएम 2024), ने 4 अक्टूबर 2024 को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मंगरह धाम में आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह के दौरान मुलाकात की।



**सक्षम यादव ने किया कांस्य पदक अपने नाम**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हाई ग्राउंड्स, चंडीगढ़, कक्षा 12वीं की छात्रा, सक्षम यादव ने जूनियर वर्ल्ड ताईक्वांडो चैम्पियनशिप, दक्षिण कोरिया में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिला U-42 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक जीता।





**एरॉन मार्टिन ने एशियन मिनी गोल्फ चैम्पियनशिप में जीते दोहरे पदक**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, नेवल बेस कोच्चि के छात्र एरॉन मार्टिन ने 10 से 13 अक्टूबर 2024 तक थाईलैंड में आयोजित एशियन मिनी गोल्फ चैम्पियनशिप के युवा श्रेणी में स्वर्ण पदक और ओपन श्रेणी में रजत पदक प्राप्त किया।

**विश्व जूनियर कराटे चैम्पियनशिप में अपश्रा ने बढ़ाया भारत का मान**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय हेब्बल, बंगलुरु की छात्रा अपश्रा बी.एस. ने उजबेकिस्तान में आयोजित 15वीं विश्व जूनियर कराटे चैम्पियनशिप-2024 में स्वर्ण पदक जीतकर एक नई मिसाल कायम की। अपश्रा की यह अभूतपूर्व उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।





**Golden Victory for Yogeshwar!**

Yogeshwar, an 8th-grade student of PM SHRI KV No. 2, Bhopal, clinched Gold medals in the 5000m Elimination and 3000m Rink events at the RSFI State Skating Championship. A remarkable achievement!



**कबड्डी में निखिल ठाकुर और पीयूष ठाकुर की स्वर्णिम सफलता!**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सुबाथू के कक्षा 11 के छात्र निखिल ठाकुर और कक्षा 10 के छात्र पीयूष ठाकुर ने गोवा में आयोजित खेलो भारत यूथ नेशनल चैंपियनशिप 2024 की कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।





**Silver Glory for Nikita Mishra!**

PM SHRI KV AMC Lucknow student, Ms. Nikita Mishra secures a Silver Medal in SGFI 2024 Taekwondo held in Vidisha.



**KVS Wins Big at National School Games**

Team KVS achieved an incredible feat at the 68th National School Games in Rajkot, organized by SGFI, clinching a total of 9 medals in Swimming and Diving. The medal tally includes 2 Gold, 5 Silver, and 2 Bronze medals.

**Dr. RPKV Students Dominate the Pool at the 68th SGFI Meet 2024!**

Heer (Class XI)

Golden glory in the 50m Butterfly, representing the Delhi Region with unmatched prowess.

Pahi (Class X) & Jahnavi (Class XI-D)

Secured Bronze in the 4×100 Medley Relay, displaying impeccable teamwork and dedication.

Aryan (Class XII)

Claimed a Silver Medal in the 100m Freestyle, showcasing speed and determination.





**निशा कुमारी की प्रेरणादायक साइकिल यात्रा**

वर्ष 2023 में माउंट एवरेस्ट पर विजय प्राप्त करने वाली केन्द्रीय विद्यालय की पूर्व विद्यार्थी निशा कुमारी ने 23 जून 2024 को गुजरात से लंदन तक 15,000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा शुरू की। अब तक वह छह देशों का सफर पूरा कर 11,325 किलोमीटर तय कर चुकी हैं और लंदन पहुंचने के लिए उन्हें 3,675 किलोमीटर की दूरी और तय करनी बाकी है। यात्रा के दौरान निशा रूस पहुंचीं, जहां उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय मॉस्को के विद्यार्थियों से मुलाकात कर संघर्ष और मेहनत का महत्व बताया। उनकी यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश देती है। निशा ने अपनी स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय नं. 1 पठानकोट, केन्द्रीय विद्यालय सेक्टर-47 चंडीगढ़, और केन्द्रीय विद्यालय नं. 1 हरनी रोड वडोदरा से पूरी की है।

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan
Shala Dhwani Newsletter
Issue: October-December 2024
-----------------------------------
Patron: Nidhi Pandey, Commissioner, KVS
Editor: Dr. P. Devakumar, Joint Commissioner (Acad)
Editorial Incharge: Sachin Rathore, Assistant Editor
-----------------------------------
Published by Joint Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.
-----------------------------------
Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaaladhwani@gmail.com

https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ